**Nai Dunia (Indore ed.), 23rd May 2013, Page-5**

www.naidunia.com

# राष्ट्रपति की यात्रा के लिए अफसरों को जिम्मेदारी

## कमिश्नर-कलेक्टर ने ली बैठक

इंदौर। आईआईटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होने आ रहे राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की यात्रा को लेकर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टोरेट में हुई। कमिश्नर संजय दुबे, आईजी विपिन माहेश्वरी, डीआईजी राकेश गुप्ता, कलेक्टर आकाश त्रिपाठी, आईआईटी निदेशक सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। राष्ट्रपति की यात्रा को लेकर कड़े सुरक्षा इंतजामों के साथ एयरपोर्ट से रेसीडेंसी और आयोजन स्थल तक फुलप्रूफ व्यवस्था किस तरह इस बात पर विचार किया गया।

राष्ट्रपति श्री मुखर्जी 8 जून को इंदौर आ रहे हैं। वे भारतीय वायुसेना के विमान से सुबह 10.50 बजे इंदौर पहुंचेंगें। यहां से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से ही रवाना होकर 11.30 बजे सिमरोल स्थित आईआईटी दीक्षांत समारोह में पहुंचेंगे। दोपहर एक बजे राष्ट्रपति हेलीपेड से इंदौर विमानतल के लिए रवाना होंगे। 1.25 बजे इंदौर विमानतल से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

कलेक्टर श्री त्रिपाठी ने सभी विभागों के अधिकारियों को 22 बिंदुओं के आधार पर जिम्मेदारी सौंपी।